## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: बहुमूल्य धातुवाद और व्यापार का अनुकूल शेष निम्नलिखित में से किसकी मुख्य विशेषता है ?

**Options:**

A. अहस्तक्षेपवाद
B. व्यापारवाद
C. वाणिज्यवाद
D. पूँजीवाद

Answer: वाणिज्यवाद

**2.**

Question: सर्वप्रथम "औद्योगिक क्रान्ति" किस देश में आरम्भ हुई ?

**Options:**

A. इंग्लैण्ड
B. फ्रांस
C. जर्मनी
D. अमेरिका

Answer: इंग्लैण्ड

**3.**

Question: इटली के एकीकरण में सबसे प्रमुख बाधा क्या थी ?

**Options:**

A. इटलीवासियों में राष्ट्रीयता का अभाव
B. ऑस्ट्रिया की इटली में उपस्थिति
C. फ्रांस का दबाव
D. पोप का अनुदारवादी दृष्टिकोण

Answer: ऑस्ट्रिया की इटली में उपस्थिति

**4.**

Question: जर्मनी का एकीकरण किस राज्य के नेतृत्व में हुआ ?

**Options:**

A. वुर्टेम्बर्ग
B. सैक्सनी
C. प्रशा
D. हैनोवर

Answer: प्रशा

**5.**

Question: प्रथम विश्व युद्ध में किस राष्ट्र ने जर्मनी से सन्धि (1917) कर युद्ध से अपने आपको अलग कर लिया था ?

**Options:**

A. सर्बिया
B. रूमानिया
C. इटली
D. रूस

Answer: रूस

**6.**

Question: अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में कब भाग लिया ?

**Options:**

A. 8 सितम्बर, 1941
B. 8 अक्टूबर, 1941
C. 8 नवम्बर, 1941
D. 8 दिसम्बर, 1941

Answer: 8 दिसम्बर, 1941

**7.**

Question: जर्मनी में प्रथम विश्व युद्ध के बाद गणतन्त्र की स्थापना कहाँ हुई ?

**Options:**

A. म्यूनिख
B. वाइमर
C. बर्लिन
D. बवारिया

Answer: वाइमर

**8.**

Question: रूस का अन्तिम ज़ार (सम्राट) जिसे दो क्रान्तियों (1905 ई. तथा 1917 ई.) का सामना करना पड़ा

**Options:**

A. निकोलस 1
B. अलेक्जेण्डर II
C. निकोलस II
D. अलेक्जेण्डर III

Answer: निकोलस II

**9.**

RajTest

Question: कौन सा देश राष्ट्र संघ का सदस्य नहीं बना ?

**Options:**

A. इटली

B. अमेरिका

C. रूमानिया

D. सर्बिया

Answer: अमेरिका

**10.**

Question: कौन सी देवी की उपासना 'विवेक की देवी' के रूप में यूनानियों द्वारा की जाती थी ?

**Options:**

A. ऐथेना

B. अपोलो

C. जीयस

D. डाइना

Answer: ऐथेना

**11.**

Question: सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
सूची - I
(राजा)
a. सिंहविष्णु
b. नेदियोन
c. करिकाल
d. उक्ष्यनजेराल
सूची - II
(राजवंश)
i. चेर
ii. पल्लव
iii. चोल
iv. पाण्ड्य

**Options:**

A. iii i ii iv

B. ii iv iii i

C. i ii iv iii

D. iv iii i ii

Answer: ii iv iii i

**12.**

Question: सूची - I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
सूची - I
(ग्रन्थ)
a. मणिमेकलै
b. तिरुमुरै
c. शिलपादिकारम
d. कुरल
सूची - II
(लेखक)
i. तिरुवल्लुवर
ii. इलंगो अडिगल
iii. नम्बि आण्डार नम्बि
iv. सत्तनार

**Options:**

A. iii iv i ii

B. i ii iii iv

C. ii i iv iii

D. iv iii ii i

Answer: iv iii ii i

**13.**

Question: सूची-I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
सूची - I
(सूफी शब्दावली)
a. बरकत
b. फुतुह
c. मलफूज़त
d. खानकाह
सूची - II
(अर्थ)
i. सूफी गतिविधियों का स्थान
ii. बिन माँगा दान
iii. सूफी सन्त का वार्तालाप
iv. एक सूफी की आध्यात्मिक पवित्रता

**Options:**

A. iii iv i ii

B. ii iii iv i

C. iv ii iii i

D. i ii iii iv

Answer: iv ii iii i

**14.**

Question: सूची - 1 को सूची - II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
सूची - I
a. नक़्शबंदी सिलसिला
b. शत्तारी सिलसिला
c. क़ादिरी सिलसिला
d. फिरदौसी सिलसिला
सूची - II
i. शेख बद्रुद्दीन समरकंदी
ii. शाह अबदुल्लाह

RajTest

iii. ख्वाज़ा बाकी बिल्लाह
iv. शाह नयामतुल्लाह

**Options:**

A. iii ii iv i

B. i ii iii iv

C. iv iii ii i

D. ii iv i iii

Answer: iii ii iv i

**15.**

Question: सूची - 1 को सूची II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
सूची - I
a. ददनी
b. सनद
c. दस्तक
d. हुंडी
सूची - II
i. मुगल शाही आदेश
ii. विनिमय-पत्र
iii. प्राथमिक उत्पादकों को अदा किया जाने वाला अग्रिम धन
iv. कर की छूट के प्रयोजन के लिए यूरोपीय व्यापारियों को जारी किया जाने वाला आज्ञापत्र

**Options:**

A. iii i iv ii

B. ii iii i iv

C. iii iv ii i

D. ii i iii iv

Answer: iii i iv ii

**16.**

Question: इस विचार को कि "विकास के किसी भी पड़ाव पर कोई भी वस्तु सिखाई जा सकती है ।" किस विचारक ने अभिव्यक्त किया ?

**Options:**

A. पियाजे

B. आसुबेल

C. ब्रूनर

D. गेने

Answer: ब्रूनर

**17.**

Question: निम्नलिखित में कौन सी रक्षात्मक प्रक्रिया नहीं है ?

**Options:**

A. सहचर्यता

B. प्रतिगमन

C. प्रतिपूर्ति

D. उदात्तीकरण

Answer: सहचर्यता

**18.**

Question: मुझे एक दर्जन स्वस्थ बच्चे दीजिए, मैं उन्हें डॉक्टर, जज, अध्यापक, भिखमंगे और यहाँ तक कि मैं उन्हें चोर भी बना सकता हूँ। यह टिप्पणी किसने की थी ?

**Options:**

A. हल

B. जे.बी. वाटसन

C. युंग

D. गुथरी

Answer: जे.बी. वाटसन

**19.**

Question: निम्नलिखित में से क्या उत्तम उपलब्धि परीक्षण की विशेषता नहीं है ?

**Options:**

A. विश्वसनीयता

B. वस्तुनिष्ठता

C. अस्पष्टता

D. वैद्यता

Answer: अस्पष्टता

**20.**

Question: "एक व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक एवं भौतिक परिवेश समान होते हैं।" यह विचार किसका है ?

**Options:**

A. कृत्यवादी

B. संरचनावादी

C. एस-आर. सहचर्यवादी

D. गेस्टाल्ट फिल्ड मनोवैज्ञानिक

Answer: एस-आर. सहचर्यवादी

**21.**

Question: स्टेनफॉर्ड बिनेट स्केल से एक व्यक्ति के निम्नलिखित गुण को मापा जाता है :

**Options:**

A. बौद्धिक

B. सृजनात्मकता

C. अभिवृत्ति

RajTest

D. `व्यक्तित्व

Answer: बौद्धिक

**22.**

Question: किसके अनुसार "शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक सीखने संबंधी अनुभवों का वर्णन और व्याख्या करता है ?"

**Options:**

A. स्किनर

B. क्रो और क्रो

C. पील

D. पिल्सबर्ग

Answer: क्रो और क्रो

**23.**

Question: परिवार बच्चे को शिक्षा प्रदान करता है

**Options:**

A. औपचारिक रूप से

B. अनौपचारिक रूप से

C. प्रयत्न सहित

D. नियमित रूप से

Answer: अनौपचारिक रूप से

**24.**

Question: इंटरनेट अन्वेषक किस प्रकार का है ?

**Options:**

A. प्रचालक पद्धति

B. कम्पाइलर

C. ब्राउजर

D. IP पता (एड्रेस)

Answer: ब्राउजर

**25.**

Question: स्पीयरमैन का बुद्धि सम्बन्धी सिद्धान्त है

**Options:**

A. एकतत्व सिद्धान्त

B. द्वितत्व सिद्धान्त

C. त्रिआयामी सिद्धान्त

D. बहुतत्व सिद्धान्त

Answer: द्वितत्व सिद्धान्त

**26.**

Question: अभिप्रेरणापरक सेट का सही अनुक्रम कौन सा है?

**Options:**

A. लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, सह्य प्रवृत्ति, संतुष्टि

B. सह्य प्रवृत्ति, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, संतुष्टि

C. सह्य प्रवृत्ति, संतुष्टि, लक्ष्य प्राप्ति, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer: सह्य प्रवृत्ति, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, संतुष्टि

**27.**

Question: रोर्शा का 'प्रक्षेपी परीक्षण' किसके मापन हेतु अभिकल्पित है ?

**Options:**

A. अचेतन प्रयोजन

B. स्वपन

C. सचेत अभिलाषा

D. उपर्युक्त सभी

Answer: अचेतन प्रयोजन

**28.**

Question: अन्तर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व की संकल्पना जिनके द्वारा दी गई

**Options:**

A. क्रेचमर

B. शेलडान

C. युंग

D. स्प्रंगर

Answer: युंग

**29.**

Question: वीडियो कॉन्फ्रेसिंग को निम्न प्रकार के संचार में वर्गीकृत किया जा सकता है

**Options:**

A. दृश्य एक तरफा

B. दृश्य-श्रव्य एक तरफा

C. दृश्य-श्रव्य दो तरफा

D. दृश्य दो तरफा

Answer: दृश्य-श्रव्य दो तरफा

**30.**

Question: निम्न में से किसको वर्ष 1904 में अधिगम के सिद्धान्तों पर अग्रणी कार्य के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया ?

**Options:**

RajTest

A. आर.एम. गायने
B. जे.एस. ब्रूनर
C. लेव वाइगोट्स्की
D. ईवान पावलोव
Answer: ईवान पावलोव

**31.**
Question: कोहलर ने विकसित किया
**Options:**
A. S-R. बोण्ड सिद्धान्त
B. इनसाइट सिद्धान्त
C. फील्ड सिद्धान्त
D. कन्डीशनिंग सिद्धांत
Answer: इनसाइट सिद्धान्त

**32.**
Question: जीवन भर सीखने की संकल्पना की उत्पत्ति का आधार क्या है ?
**Options:**
A. देश में स्कूलों की कमी
B. लोगों की अधिक से अधिक सीखने की इच्छा
C. देश को आवश्यकता है कि अधिक शिक्षित लोगों की संख्या हो
D. ज्ञान का गतिक विकास
Answer: ज्ञान का गतिक विकास

**33.**
Question: फ्रायड के अनुसार मन की संरचना की सही कोटि है:
**Options:**
A. अति अहम् - इदम् - अहम्
B. इदम् - अहम् - अति अहम्
C. अहम् - अति अहम् - इदम्
D. इदम् - अति अहम् - अहम्
Answer: इदम् - अहम् - अति अहम्

**34.**
Question: एक अध्यापक का सबसे महत्वपूर्ण गुण निम्न में से कौन सा है ?
**Options:**
A. समय-बद्धता
B. अपने विषय में महारथ
C. विषय में महारथ तथा संचार क्षमता
D. सामाजिक क्षमता
Answer: विषय में महारथ तथा संचार क्षमता

**35.**
Question: "पियाजे" के अनुसार पूर्व संकार्यात्मक अवस्था की विशेषता क्या है?
**Options:**
A. प्रतिमूर्ति निर्माण
B. प्रतीकात्मक प्रक्रिया
C. तार्किक चिन्तन
D. परिकल्पना
Answer: प्रतीकात्मक प्रक्रिया

**36.**
Question: निम्न में से शिक्षण का स्तर नहीं है :
**Options:**
A. स्मृति स्तरीय शिक्षण
B. सूक्ष्म स्तरीय शिक्षण
C. अवबोध स्तरीय शिक्षण
D. चिन्तन स्तरीय शिक्षण
Answer: सूक्ष्म स्तरीय शिक्षण

**37.**
Question: निम्न में से कौन सा किशोर अधिकतमकर्ता के नैतिक विकास से सम्बन्धित नहीं है ?
**Options:**
A. परिवार
B. विद्यालय
C. शारीरिक संरचना
D. सिनेमा एवं पुस्तकें
Answer: शारीरिक संरचना

**38.**
Question: संज्ञानात्मक विकास का निर्धारक है
**Options:**
A. परिवार
B. विद्यालय
C. आयु व लिंग
D. आनुवंशिकता
Answer: आनुवंशिकता

**39.**

RajTest

Question: "मैक्डूगल" के अनुसार संवेगों की संख्या है

**Options:**

A. 14

B. 10

C. 12

D. 16

Answer: 14

**40.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
1857 के विद्रोह पर लेखक
लिखी पुस्तकें

**Options:**

A. एट्टीन फिफ्टी सेवन - एस.एन.सेन.

B. द इन्डियन वॉर ऑफ़ इंडिपेंडेंस 1857 - वी.डी. सावरकर

C. इन्डियन म्यूटिनी ऑफ़ 1857 - जी.बी. मैलेसन

D. द सीपॉय म्यूटिनी एंड - जे.डब्ल्यू. केयूज • द रिवोल्ट ऑफ़ 1857

Answer: द सीपॉय म्यूटिनी एंड - जे.डब्ल्यू. केयूज • द रिवोल्ट ऑफ़ 1857

**41.**

Question: रुहेलखंड में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था :

**Options:**

A. खान बहादुर ने

B. अजीमुल्ला खान ने

C. मौलवी अहमदुल्ला ने

D. बख्त खान ने

Answer: खान बहादुर ने

**42.**

Question: गोपालहरि देशमुख के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन असत्य है ?

**Options:**

A. उन्हें लोकहितवादी के नाम से जाना जाता था ।

B. सामाजिक चेतना का प्रसार करने हेतु उन्होंने धारावाहिक रूप में समाचार-पत्र में शतपत्रेण (सौ पत्र) छपवाये ।

C. इन्होंने अहमदाबाद में न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया ।

D. इन्होंने एक मासिक पत्रिका निबन्धमाला आरम्भ की ।

Answer: इन्होंने एक मासिक पत्रिका निबन्धमाला आरम्भ की ।

**43.**

Question: पहला अखबार जो बम्बई से प्रकाशित किया गया था :

**Options:**

A. बॉम्बे गैजेट

B. बॉम्बे कूरियर

C. बॉम्बे हेराल्ड

D. ओरिएंटल स्टार

Answer: बॉम्बे हेराल्ड

**44.**

Question: सूची - I कांग्रेस के अधिवेशनों को इंगित करती है और सूची - II उनके अध्यक्षों को । दोनों को सही सुमेलित कीजिए :
सूची - I
a. 1911, कलकत्ता
b. 1912, पटना
c. 1913, कराची
d. 1914, मद्रास
सूची - II
i. भूपेन्द्रनाथ बोस
ii. सैयद मुहम्मद बहादुर
iii. आर.एन. मुधोलकर
iv. बिशन नारायणधर

**Options:**

A. iv iii ii i

B. i iv ii iii

C. ii i iv iii

D. iii ii iv i

Answer: iv iii ii i

**45.**

Question: निम्नलिखित में से किसे प्रथम लाहौर षड्यंत्र केस में फांसी की सज़ा दी गई थी ?

**Options:**

A. परमानंद

B. भगत सिंह

C. विष्णु प्रिंगले

D. खुदीराम

Answer: विष्णु प्रिंगले

**46.**

Question: निम्नलिखित व्यक्तियों के विषय में विचार कीजिये :
i. एनी बेसेंट
ii. लोकमान्य तिलक

RajTest

iii. जवाहरलाल नेहरू
iv. मुहम्मद अली जिन्ना
उपर्युक्त में से होमरूल आन्दोलन में किंसने भाग लिया था ?

**Options:**

A. i and ii

B. i, ii and iii

C. ii, iii and iv

D. i, ii, iii and iv

Answer: i and ii

**47.**

Question: गवर्नर-जनरल की कार्यकारी परिषद् के पहले भारतीय सदस्य थे

**Options:**

A. सर सत्येन्द्र प्रसन्न सिन्हा

B. सत्येन्द्र नाथ टैगोर

C. सर सच्चिदानंद सिन्हा

D. अनुगृह नारायण सिन्हा

Answer: सर सत्येन्द्र प्रसन्न सिन्हा

**48.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नही है ?
चित्रकारी
चित्रकार

**Options:**

A. द स्कूल ऑफ एंथेस - टिटियन

B. लास्ट सपर - लियानार्डो द विंसी

C. क्रियेशन ऑफ एडम - माईकल एंजेलो

D. लॉफिंग कैवेलियर - फ्रान्स हाल्स

Answer: द स्कूल ऑफ एंथेस - टिटियन

**49.**

Question: निम्नलिखित में से किसने प्रारब्धवाद के सिद्धांत का समर्थन किया था ?

**Options:**

A. जॉन काल्विन

B. ज्विगली

C. मॉर्टिन लूथर

D. जॉन नॉक्स

Answer: जॉन काल्विन

**50.**

Question: निम्नलिखित में से कौन से उपनिवेश का प्रथम काण्टिनेण्टल कांग्रेस में प्रतिनिधित्व नहीं हुआ ?

**Options:**

A. वर्जीनिया

B. मैरीलैंड

C. जॉर्जिया

D. न्यू हैम्पशायर

Answer: जॉर्जिया

**51.**

Question: निम्नलिखित में से कौन एक जैकोबिन था ?

**Options:**

A. मांरा

B. मैडम रोलां

C. जीन रोलैण्ड

D. ब्रिसट

Answer: मांरा

**52.**

Question: वाणिज्यवाद की मुख्य प्रवृत्तियों को चुनिए :
i. निर्यात बढ़ाने के प्रयास ।
ii. बुलियन्स (सोना-चाँदी) के शुद्ध अन्तः प्रवाह पर जोर ।
iii. उच्च सीमा-शुल्क दरें ।
iv. संयुक्त स्कन्ध कम्पनियों का निर्माण
उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

**Options:**

A. i and iii

B. i, ii and iii

C. ii, iii and iv

D. i, ii, iii and iv

Answer: i, ii, iii and iv

**53.**

Question: औद्योगिक क्रांति में चार्ल्स टाऊन्शेंड ने किस क्षेत्र में योगदान किया था ?

**Options:**

A. कपड़ा उद्योग

B. वाष्प शक्ति

C. कृषि

D. खनन

Answer: कृषि

**54.**

RajTest

Question: किसने 'इटली की नैतिक और नागरिक श्रेष्ठता' नामक पुस्तक लिखी ?

**Options:**

A. मैजिनी

B. जियोबर्टी

C. कावूर

D. गैरीबाल्डी

Answer: जियोबर्टी

**55.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा औद्योगिक क्रांति का लक्षण नहीं है ?

**Options:**

A. नवीन एवं टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की खोज

B. उत्पादन व्यवस्था का नया संगठन

C. तीव्र शहरीकरण

D. बंद अर्थव्यवस्था का उदय

Answer: बंद अर्थव्यवस्था का उदय

**56.**

Question: जर्मन एकीकरण के दौरान, सेडान की लड़ाई के बाद सम्पन्न हुई संधि थी :

**Options:**

A. वियना की संधि

B. प्राग की संधि

C. फ्रंकफर्ट की संधि

D. वर्साय की संधि

Answer: फ्रंकफर्ट की संधि

**57.**

Question: बर्लिन कांग्रेस 1878 का एक परिणाम था :

**Options:**

A. ब्रिटेन का प्रभाव बढ़ा

B. रूसी क्रांति

C. तीन सम्राटों के संघ का विघटन

D. यंग तुर्क आन्दोलन का कमजोर पड़ना

Answer: तीन सम्राटों के संघ का विघटन

**58.**

Question: फ्रॉस-रूस गठजोड़, जो त्रि-राष्ट्र मैत्री संघ का आधार बना, किस वर्ष में हुआ था ?

**Options:**

A. 1882

B. 1894

C. 1904

D. 1879

Answer: 1894

**59.**

Question: हिटलर की विदेश नीति में 'अन्शुलुस' क्या था ?

**Options:**

A. आस्ट्रिया को जर्मनी में मिलाने की इच्छा

B. जर्मनी के भू-क्षेत्रीय विस्तार का लक्ष्य

C. यहूदियों के पृथक्करण की नीति

D. रूस के विरोध की नीति

Answer: आस्ट्रिया को जर्मनी में मिलाने की इच्छा

**60.**

Question: हड़प्पीय स्थल जहाँ से भूकम्प जैसी किसी प्राकृतिक आपदा के प्राचीनतम प्रमाण प्राप्त हुए हैं

**Options:**

A. देसलपुर

B. कालीबंगा

C. कुन्तासी

D. रंगपुर

Answer: कालीबंगा

**61.**

Question: भारत में पूर्व पाषाणकालीन उपकरण सर्वप्रथम कहाँ से प्राप्त हुए ?

**Options:**

A. टेक्कलकोटा

B. कुरनूल

C. पल्लवरम्

D. हल्लूर

Answer: पल्लवरम्

**62.**

Question: एशिया माइनर के बोगज़कुई अभिलेख (1400 ई.पू.) में निम्नांकित वैदिक देवताओं का उल्लेख है:

**Options:**

A. इन्द्र, मित्र, वरुण एवं नासत्य

B. इन्द्र, मित्र, द्यौस एवं नासत्य

C. इन्द्र, वरुण, मित्र एवं अग्नि

D. इन्द्र, वरुण, अग्नि एवं सूर्य

RajTest

Answer: इन्द्र, मित्र, वरुण एवं नासत्य

**63.**

Question: राजा सुदास जिसके विषय में ऋग्वेद में वर्णन है कि उसने दाश-राज्ञ युद्ध (दस राजाओं का युद्ध) में दस राजाओं को पराजित किया, किस जन से सम्बद्ध था ?

**Options:**

A. यदु

B. त्रित्सु

C. अनु

D. द्रुत्यु

Answer: त्रित्सु

**64.**

Question: विदेघ माथव का अपने पुरोहित गौतम राहूगण के साथ पूर्व दिशा की ओर प्रवर्जन का कथानक निम्नांकित किसमें उल्लिखित है ?

**Options:**

A. ऐतरेय ब्राह्मण

B. बृहदारण्यक उपनिषद्

C. शतपथ ब्राह्मण

D. गोपथ ब्राह्मण

Answer: शतपथ ब्राह्मण

**65.**

Question: बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तर निकाय' में छठी शताब्दी ईसा पूर्व के कितने महाजनपदों तथा गणराज्यों का उल्लेख मिलता है ?

**Options:**

A. 14 महाजनपद एवं 8 गणराज्य

B. 12 महाजनपद एवं 10 गणराज्य

C. 10 महाजनपद एवं 10 गणराज्य

D. 16 महाजनपद एवं 10 गणराज्य

Answer: 16 महाजनपद एवं 10 गणराज्य

**66.**

Question: किस शासक के काल में तीन महान उपदेशकों बुद्ध, महावीर तथा मक्खलि गोशाल ने निर्वाण प्राप्त किया ?

**Options:**

A. बिम्बिसार

B. अजातशत्रु

C. उदायिन्

D. नागदशक

Answer: अजातशत्रु

**67.**

Question: निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(संस्थापक)
(सम्प्रदाय)

**Options:**

A. मक्खलि गोशाल - आजीवक

B. संजय बेलट्ठपुत्त - सन्देहवादी

C. अजित केसकम्बलिन - उच्छेदवादी

D. पूरन कस्सप - अणुवाद

Answer: पूरन कस्सप - अणुवाद

**68.**

Question: निम्नांकित किस स्थल पर स्थित स्तूप अवशेषों से अशोक की प्रस्तर पर उद्धृत प्रतिमा प्राप्त हुई है जिस पर उनका नाम उत्कीर्ण है ?

**Options:**

A. कनगनहल्ली

B. अमरावती

C. साँची

D. देहर-कुठार

Answer: कनगनहल्ली

**69.**

Question: निम्नलिखित किस मौर्यकालीन अभिलेख में दुर्भिक्ष काल में सहायता प्रदान किये जाने का विवरण प्राप्त होता है ?

**Options:**

A. जौगढ़ अभिलेख

B. महास्थान अभिलेख

C. नित्तुर अभिलेख

D. ऐरागुडी अभिलेख

Answer: महास्थान अभिलेख

**70.**

Question: गौतमीपुत्र शातकर्णी के हाथों क्षहरात शासक नहपान की पराजय निम्नलिखित में से किस मुद्राभाण्ड से प्रमाणित होती है ?

**Options:**

A. जोगलथम्बी

B. नानाघाट

C. कार्ले

D. ऐंगुरुनूरु

Answer: जोगलथम्बी

RajTest

**71.**

Question: गुप्तकालीन स्वर्ण सिक्कों का सबसे बड़ा ढेर (मुद्राभाण्ड) राजस्थान के किस स्थान से प्राप्त हुआ है ?

**Options:**

A. बैराठ
B. बूँदी
C. बयाना
D. बागोर

Answer: बयाना

**72.**

Question: 'त्रिपक्षीय-संघर्ष' जो कि लगभग 100 वर्षों तक चला, उसमें अन्ततोगत्वा किसे सफलता मिली ?

**Options:**

A. राष्ट्रकूट
B. परमार
C. प्रतिहार
D. पाल

Answer: प्रतिहार

**73.**

Question: निम्नांकित में से कौन प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक नहीं है?

**Options:**

A. सूकरात
B. प्लेटो
C. अरस्तू
D. यूक्लिड

Answer: यूक्लिड

**74.**

Question: किस दार्शनिक ने पवित्र रोमन साम्राज्य के बारे में कहा कि "यह न तो पवित्र है न रोमन है न साम्राज्य है" ?

**Options:**

A. वाल्टेयर
B. मॉन्टेस्क्यू
C. दिदेरो
D. रूसो

Answer: वाल्टेयर

**75.**

Question: तुर्कों ने पूर्वी रोमन (बाइजेन्टाइन) साम्राज्य की राजधानी "कुस्तुनतुनिया" पर कब अधिकार किया ?

**Options:**

A. 1433 ईस्वी
B. 1453 ईस्वी
C. 1473 ईस्वी
D. 1493 ईस्वी

Answer: 1453 ईस्वी

**76.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी पुनर्जागरण युग की विशेषता नहीं है ?

**Options:**

A. मानववाद
B. सामंतवाद
C. बुद्धिवाद
D. वैज्ञानिक मनःस्थिति

Answer: सामंतवाद

**77.**

Question: धर्म-सुधार आन्दोलन का "मॉर्निंग स्टार" (Morning Star) किसे कहा जाता है ?

**Options:**

A. जॉन बाइक्लिफ
B. मार्टिन लूथर
C. ज्विगली
D. जॉन कॉल्विन

Answer: जॉन बाइक्लिफ

**78.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा वर्ग फ्रांस में 'गणतन्त्रवाद' का समर्थक था ?

**Options:**

A. जैकोबिन
B. जिरोंदिस्त
C. माउण्टेनिस्ट
D. उपर्युक्त सभी

Answer: उपर्युक्त सभी

**79.**

Question: "स्पेन के अल्सर (नासूर) ने मुझे बरबाद कर दिया।" यह कथन किसका है ?

**Options:**

RajTest

A. मैटरनिख
B. नेपोलियन
C. मार्शल फौच
D. चेम्बरलेन

Answer: नेपोलियन

**80.**

Question: किरकी की लड़ाई निम्नलिखित में से किस युद्ध के दौरान लड़ी गई थी ?

**Options:**

A. प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध
B. तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध
C. प्रथम आंग्ल-सिक्ख युद्ध
D. द्वितीय आंग्ल-सिक्ख युद्ध

Answer: तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध

**81.**

Question: अन्तरिम सरकार के दौरान भारत सरकार का संवैधानिक सलाहकार कौन था ?

**Options:**

A. डॉ. भीमराव अंबेडकर
B. बी.एन. राब
C. एस.एन. कुलकर्णी
D. अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर

Answer: बी.एन. राब

**82.**

Question: मिश्र का अबु सिंबल मंदिर समर्पित है :

**Options:**

A. सूर्य देवता को
B. मृत्यु देवता को
C. बुद्धि के देवता को
D. वायु देवता को

Answer: सूर्य देवता को

**83.**

Question: प्यूनिक युद्ध लड़े गये थे

**Options:**

A. यूनान और गॉल के बीच
B. यूनान और रोम के बीच
C. रोम और गॉल के बीच
D. रोम और कार्थेज के बीच

Answer: रोम और कार्थेज के बीच

**84.**

Question: चीन के निम्नलिखित में से कौन से शासक ने महान दीवार का निर्माण कराया था ?

**Options:**

A. शिन हुआंग टी
B. वूची
C. चेंग तांग
D. वू डिंग

Answer: शिन हुआंग टी

**85.**

Question: बाइबिल में नूह की कथा संबंधित है

**Options:**

A. अकाल, जिसने समस्त मानवता को भूखा मार दिया ।
B. जलप्लावन, जिसमें समूची पृथ्वी जल निमग्न हो गई ।
C. बालक, जिसने शैतान से युद्ध किया ।
D. युद्ध, जिससे सर्वनाश हुआ ।

Answer: जलप्लावन, जिसमें समूची पृथ्वी जल निमग्न हो गई ।

**86.**

Question: पहला रोमन सम्राट जिसने ईसाई धर्म अंगीकार किया

**Options:**

A. ऑगस्टर्स
B. कलीगुला
C. कोंस्टेंटिन महान
D. सिसरो

Answer: कोंस्टेंटिन महान

**87.**

Question: एम्फोरा क्या है ?

**Options:**

A. रोमन साम्राज्य का महान शासक
B. प्राचीन यूनान का एक वाद्ययंत्र
C. प्राचीन रोम में तरल पदार्थों के संग्रहण हेतु विशिष्ट मृदभांड
D. प्राचीन यूनान का एक आयुध

Answer: प्राचीन रोम में तरल पदार्थों के संग्रहण हेतु विशिष्ट मृदभांड

RajTest

**88.**

Question: उम्मयद खलीफाओं की राजधानी थी

**Options:**

A. बगदाद

B. मदीना

C. काहिरा

D. दमिश्क

Answer: दमिश्क

**89.**

Question: कुरान में शूरा की संख्या है

**Options:**

A. 108

B. 114

C. 124

D. 786

Answer: 114

**90.**

Question: थर्मोपली की लड़ाई किस-किस के बीच लड़ी गई थी ?

**Options:**

A. स्पार्टा व ऐथेंस

B. ऐथेंस व रोम

C. यूनान के नगर राज्य व फारस

D. रोम व कार्थेज

Answer: यूनान के नगर राज्य व फारस

**91.**

Question: अशोक स्तम्भों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
i. ये स्तम्भ चुनार के बलुआ पत्थरों से निर्मित हैं।
ii. स्तम्भों का यष्टि भाग सजावटविहीन किन्तु पॉलिशदार है ।
iii. यष्टि के शीर्ष भाग में एक पाषाण को "अधोमुखी कमल" के रूप में उकेरा गया है ।
iv. अधोमुखी कमल के ऊपर एक चौकी है, जिस पर मनुष्य अथवा पशु की मूर्ति दर्शायी गयी है।
सही उत्तर को चुनिए :

**Options:**

A. i, ii व iv

B. i, ii व iii

C. i व ii

D. i, ii, iii व iv

Answer: i, ii व iii

**92.**

Question: कौटिल्य ने 'अहितक' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया है ?

**Options:**

A. गुप्तचर

B. दास

C. पार्षद

D. व्यापारी

Answer: दास

**93.**

Question: मौर्यकाल में उदक भाग था

**Options:**

A. एक सिंचाई कर

B. सीमा-शुल्क

C. तीर्थयात्री कर

D. बौद्ध भिक्षुओं को दिया गया भूमि दान

Answer: एक सिंचाई कर

**94.**

Question: शासक जिसे एक अभिलेखीय साक्ष्य में "शक यवन पह्लव निसूदन' के रूप में महिमामंडित किया गया है, वह है :

**Options:**

A. रुद्रदामन

B. खारवेल

C. समुद्रगुप्त

D. गौतमीपुत्र शातकर्णी

Answer: गौतमीपुत्र शातकर्णी

**95.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा बन्दरगाह पश्चिमी घाट पर स्थित नहीं था ?

**Options:**

A. सुर्पारक

B. बर्बरीकम

C. टिण्डी

D. कोरकई

Answer: कोरकई

**96.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा बौद्ध स्मारक धरणीकोट का महाचैतीय भी कहलाता है?

RajTest

**Options:**

A. भट्टिप्रोलु स्तूप

B. अमरावती स्तूप

C. नागार्जुनीकोन्डा

D. जगय्यापेट

Answer: अमरावती स्तूप

**97.**

Question: मौर्योत्तर काल आर्थिक विकास व समृद्धि का काल था । निम्नलिखित में से किस समकालीन स्रोत में लगभग पचहत्तर व्यवसायों का उल्लेख हुआ है ?

**Options:**

A. दिव्यावदान

B. महाभाष्य

C. मिलिंदपन्हो

D. गार्गी संहिता

Answer: मिलिंदपन्हो

**98.**

Question: मधुरा कला के बारे में अधोलिखित कथनों को पढ़िए :
i. यह देश में ही विकसित कला थीं ।
ii. मथुरा कला में स्थानीय लाल बलुआ पत्थर का प्रयोग किया गया था ।
iii. इस कला पद्धति में बुद्ध को मुंडित सिर एवं अनावृत दायें कंधे के साथ दिखाया गया है ।
iv. मथुरा के निकट माट गाँव से मिली शक शासकों की मूर्तियाँ भी मथुरा कला का उत्कृष्ट नमूना है ।
उपर्युक्त में से सही कथन हैं

**Options:**

A. i व iii

B. i, ii व iii

C. ii, iii व iv

D. i, ii, iii व iv

Answer: i, ii, iii व iv

**99.**

Question: निम्नलिखित में से किस शासक के साथ समुद्रगुप्त ने ग्रहणमोक्षानुग्रह की नीति का अनुसरण किया था ?

**Options:**

A. मतिल

B. रुद्रदेव

C. अच्युत

D. उग्रसेन

Answer: उग्रसेन

**100.**

Question: सुमेलित कीजिये :
क्लासिकल लेखक
a. भास
b. भट्टी
c. भामह
d. भारवी
रचना
i. किरातार्जुनीयम्
ii. काव्यालंकार
iii. रावण वध
iv. मध्यम व्यायोग

**Options:**

A. i ii iv iii

B. ii i iv iii

C. iv iii ii i

D. i iii ii iv

Answer: iv iii ii i

**101.**

Question: आर्यभट्ट के विषय में दिये गये निम्नलिखित कथनों के बारे में विचार कीजिए :
i. वह पहला खगोलशास्त्री था जिसने ग्रहण की वैज्ञानिक व्याख्या दी ।
ii. पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है, यह खोजने वाला भी वह पहला था ।
iii. उसने एक वर्ष की अवधि का अत्यन्त ही सटीक आंकलन दिया ।
iv. उसने "पाई" का भी बहुत सही मान दिया ।
उपर्युक्त में से सही कथन हैं :

**Options:**

A. i, iii

B. i, ii, iii

C. ii, iii, iv.

D. i, ii, iii, iv

Answer: i, ii, iii, iv

**102.**

Question: संगम काल में अरसर किन्हें कहते थे ?

**Options:**

A. शासक वर्ग को

B. अमीर जमींदार को

C. किसान को

D. व्यापारी को

Answer: शासक वर्ग को

RajTest

**103.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
राजपूत वंश
(1) चन्देल
(2) परमार
(3) कलचुरि
(4) सोलंकी
भू-भाग
बघेलखण्ड
मालवा
त्रिपुरी
गुजरात

**Options:**

A. चन्देल - बघेलखण्ड
B. परमार - मालवा
C. कलचुरि - त्रिपुरी
D. सोलंकी - गुजरात

Answer: चन्देल - बघेलखण्ड

**104.**

Question: भारतीय विद्वान जिन्होंने तिब्बत में बौद्ध धर्म के प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई :
i. पद्म संभव
ii. संघ रक्षित
iii. दीपांकर
iv. कुमारजीव
सही कूट चुनिए :

**Options:**

A. i, ii और iii
B. i और ii
C. i और iii
D. i, ii, iii और iv

Answer: i, ii और iii

**105.**

Question: प्राचीन भारतीय साहित्य में किस भूभाग को यवद्वीप कहा गया है ?.

**Options:**

A. श्रीलंका
B. सुमात्रा
C. कम्बोडिया
D. जावा

Answer: जावा

**106.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
अकबर द्वारा उठाये
गये कदम
(1) तीर्थ यात्रा कर का उन्मूलन
(2) जजिया का उन्मूलन
(3) महज़र की उद्घोषणा
(4) दीन-ए-ईलाही की स्थापना
क्रियान्वयन का वर्ष
1562
1564
1580
1582

**Options:**

A. तीर्थ यात्रा कर का उन्मूलन - 1562
B. जजिया का उन्मूलन - 1564
C. महज़र की उद्घोषणा - 1580
D. दीन-ए-ईलाही की स्थापना - 1582

Answer: महज़र की उद्घोषणा - 1580

**107.**

Question: मुग़ल प्रशासन में मीर बहरी किसे कहते थे ?

**Options:**

A. राजस्व विभाग के प्रमुख को
B. शाही जहाजों के प्रभारी को
C. शाही परिवार के प्रमुख को
D. शाही परिवार के समारोहों के प्रभारी को

Answer: शाही जहाजों के प्रभारी को

**108.**

Question: मध्यकालीन भारत में पाई काश्त किन्हें कहा जाता था ?

**Options:**

A. उत्तरी भारत में कृषि भूमि के मालिक को
B. उत्तरी भारत में भूमिहीन किसान को
C. उत्तरी भारत में सामन्तों को
D. दक्षिणी भारत के भूमिहीन किसान को

Answer: उत्तरी भारत में भूमिहीन किसान को

**109.**

Question: मुग़लकाल में मन-ए-अकबरी क्या थी ?

**Options:**

A. उत्तरी भारत के शास्त्रीय संगीत पर एक पुस्तक
B. वजन को मापने की एक इकाई
C. एक फारसी मस्नवी (कविता) जो फैजी ने लिखी थी।
D. दसवंत के लघु चित्रों से सज्जित एक पुस्तक

RajTest

Answer: वजन को मापने की एक इकाई

**110.**

Question: मुग़लकालीन संस्कृत ग्रन्थ जानकी परिणय का लेखक था

**Options:**

A. धनंजय वर्मा

B. जगन्नाथ कवि

C. चक्र कवि

D. नाभादास

Answer: चक्र कवि

**111.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा चित्रकार अकबर के दरबार से संबद्ध नहीं था ?

**Options:**

A. बिसनदास

B. बसावन

C. सैय्यद अली

D. मुकुन्द

Answer: बिसनदास

**112.**

Question: ताज महल पर कुरान की आयतें लिखने वाला सुलेखक था

**Options:**

A. अब्द अल हक अमानत खान शिराजी

B. उस्ताद अहमद लाहोरी

C. मीर अब्दुल करीम

D. उस्ताद अहमद अब्दुल्ला शिराजी

Answer: अब्द अल हक अमानत खान शिराजी

**113.**

Question: रंगपुर के कृषक विद्रोह का नेतृत्व किया था :

**Options:**

A. देबी सिंह ने

B. धीरज नारायण

C. हाजी शरियतुल्ला ने

D. सहजानन्द

Answer: धीरज नारायण

**114.**

Question: निम्नलिखित में से कौन से युग्म सुमेलित हैं ?
नागरिक विद्रोह
i. पैका (1804-06)
ii. रामौसी (1822-29)
iii. किटूर (1824-29)
iv. फरयाज़ी (1838-51)
नेतृत्वकर्त्ता
जगबन्धु
रामसिंह
चानम्मा
दूदू मियाँ

**Options:**

A. i और iv

B. i, iii और iv

C. i, ii और iv

D. i, ii, iii और iv

Answer: i, iii और iv

**115.**

Question: व्यवहारवाद के जन्मदाता हैं

**Options:**

A. वॉटसन

B. थॉर्नडाइक

C. एस. फ्रायड

D. युंग

Answer: वॉटसन

**116.**

Question: निम्नलिखित में से रचनावादी अधिगम का उदाहरण. नहीं है :

**Options:**

A. प्रयोगधर्मिता

B. क्षेत्र भ्रमण

C. कक्षा-कक्ष वार्ता (चर्चा)

D. पाठ्य-पुस्तक अध्ययन

Answer: पाठ्य-पुस्तक अध्ययन

**117.**

Question: सम्प्रेषण चक्र का सही स्वरूप कौन सा है ?

**Options:**

A. प्रेषक - सन्देश – गृहीता – प्रतिपुष्टि

B. प्रेषक - सन्देश – प्रतिपुष्टि – गृहीता

C. प्रेषक – प्रतिपुष्टि – सन्देश – गृहीता

D. गृहीता – प्रेषक – सन्देश - प्रतिपुष्टि

RajTest

Answer: प्रेषक - सन्देश – गृहीता – प्रतिपुष्टि

**118.**

Question: पृच्छा प्रतिमान का विकास किया था

**Options:**

A. सचमैन ने
B. विल्मन ने
C. स्किनर ने
D. कोहलर ने

Answer: सचमैन ने

**119.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा कंप्यूटर का एक प्रकार नहीं है ?

**Options:**

A. माइक्रो कंप्यूटर
B. मिनी कंप्यूटर
C. पॉली कंप्यूटर
D. मेनफ्रेम कंप्यूटर

Answer: पॉली कंप्यूटर

**120.**

Question: कंप्यूटरों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**Options:**

A. 1 के बी = 1022 बाइटस
B. 1 एम बी = 1024 केबी
C. 1 जीबी = 1022 एमबी
D. 1 टी बी = 1026 जीबी

Answer: 1 एम बी = 1024 केबी

**121.**

Question: भारतीय संस्कृति में संस्कारों से आशय है

**Options:**

A. धार्मिक कर्मकाण्ड
B. परिष्कार संबन्धी अनुष्ठान
C. रूढ़ियाँ
D. याज्ञिक अनुष्ठान

Answer: परिष्कार संबन्धी अनुष्ठान

**122.**

Question: प्रसिद्ध बोलन दर्रा स्थित है

**Options:**

A. बदखशाँ (अफगानिस्तान)
B. कंधार (अफगानिस्तान)
C. बलूचिस्तान (पाकिस्तान)
D. खैबर पख्तूनख्वा (पाकिस्तान)

Answer: बलूचिस्तान (पाकिस्तान)

**123.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा महाजनपद भारत के उत्तर-पश्चिमी सीमान्त पर स्थित था ?

**Options:**

A. मद्र
B. गंधार
C. सौवीर
D. कम्बोज

Answer: गंधार

**124.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?
नवपाषाण कालीन स्थल प्रमुख विशेषता
i. बुर्जहोम – गर्त आवास
ii. कोल्डीहवा – धान के अवशेष
iii. उत्तनूर – राख के ढेर
iv. मेहरगढ़ – प्राचीनतम नवपाषाण स्थल

**Options:**

A. i और iv
B. i, ii और iv
C. i, iii और iv
D. i, ii, iii और iv

Answer: i, ii, iii और iv

**125.**

Question: हड़प्पा सभ्यता से प्राप्त पशुपति-मुहर संबन्धी निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
i. यह मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुई थी ।
ii. इस पर योगी की मुद्रा में एक मानवीय आकृति का चित्रण हुआ है ।
iii. मार्शल ने इसे आदि शिव की संज्ञा दी है ।
iv. छः प्रतीकों वाला एक चित्रात्मक अभिलेख इस मुहर पर उत्कीर्ण हुआ है ।
सही उत्तर चुनिये :

**Options:**

A. i, ii और iv
B. ii और iii
C. ii और iv

RajTest

D. i, ii, iii और iv

Answer: i, ii, iii और iv

**126.**

Question: सुमेलित कीजिये :
कलाकृति स्थल
a. लाल बलुआ पत्थर का पुरुष धड़ i. मोहनजोदड़ो
b. दाढ़ीयुक्त पुरुष की पाषाण प्रतिमा ii. हड़प्पा
c. पुरुष एवं कुत्ता कांस्य के रथ की प्रतिकृति पर iii. लोथल
d. पकी हुई मिट्टी से निर्मित माव की प्रतिकृति iv. दायमाबाद
कूट :

**Options:**

A. iii i iv ii

B. ii i iv iii

C. i ii iv iii

D. iii ii iv i

Answer: ii i iv iii

**127.**

Question: उत्तर वैदिक काल का विभेदक लक्षण है :

**Options:**

A. आर्यों का पूर्व की ओर विस्तार

B. धातु का प्रयोगं

C. सभा और समिति जैसी राजनैतिक संस्थाओं का उदय

D. साम्राज्यों का आविर्भाव

Answer: आर्यों का पूर्व की ओर विस्तार

**128.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
संहिता ब्राह्मण

**Options:**

A. ऋलवेद कौषीतकी

B. सामवेद अद्भुत

C. कृष्ण यजुर्वेद शतपथ

D. अथर्ववेद गोपथ

Answer: कृष्ण यजुर्वेद शतपथ

**129.**

Question: निम्नलिखित में से किस उपनिषद् में याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी संवाद मिलता है ?

**Options:**

A. मैत्रायणी

B. बृहदारण्यक

C. छान्दोग्य

D. कठोपनिषद्

Answer: बृहदारण्यक

**130.**

Question: जन्म से पूर्व किया जाने वाला अनुष्ठान

**Options:**

A. जातकर्म

B. व्रतादेश

C. समावर्तन

D. सीमन्तोन्नयन

Answer: सीमन्तोन्नयन

**131.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
दर्शन सम्प्रदाय दार्शनिक

**Options:**

A. न्याय अक्षपाद गौतम

B. सांख्यं ईश्वर कृष्ण

C. मीमांसा जैमिनी

D. आजीवक अजीत केशकंबली

Answer: आजीवक अजीत केशकंबली

**132.**

Question: महाजनपद काल के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
i. यह काल द्वितीय नगरीय क्रांति के नाम से भी जाना जाता है ।
ii. उत्तरी काले चमकीले मृद्भाण्ड इस काल से संबन्धित हैं ।
iii. धर्म के क्षेत्र में इस काल में नये विचारों का उदय हुआ ।
iv. इस काल में सर्वप्रथम लोहे की खोज हुई ।
कौन सा/से कथन गलत है :

**Options:**

A. ii और iv

B. iii

C. i और iv

D. iv

Answer: iv

**133.**

Question: सुमेलित कीजिये :
वंश गणराज्य
a. विदेह i. संसुमार
b. कोलिय ii. कपिलवस्तु
c. शाक्य iii. रामग्राम
d. भग्ग iv. मिथिला
कूट :

RajTest

**Options:**
- A. iii iv ii i
- B. ii i iv iii
- C. iv iii ii i
- D. iii ii iv i

Answer: iv iii ii i

**134.**

Question: स्वप्नवासवदत्ता नामक नाटक निम्नलिखित में से किस महाजनपद कालीन शासक के जीवन पर आधारिता है ?

**Options:**
- A. अजातशत्रु
- B. उदयन
- C. प्रद्योत
- D. बिम्बिसार

Answer: उदयन

**135.**

Question: बौद्ध ग्रंथों में किसे निगंथ नाटपुत्र कहा गया है ?

**Options:**
- A. महावीर स्वामी
- B. मक्खलीपुत्त गोसाल
- C. गौलम बुद्ध
- D. पकुध काच्चायन

Answer: महावीर स्वामी

**136.**

Question: थेरीगाथा अंग है

**Options:**
- A. विनयपिटक का
- B. सुत्तपिटक का
- C. अभिधम्मकोश का
- D. अंगुत्तरनिकाय का

Answer: सुत्तपिटक का

**137.**

Question: कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
विदेशी यात्री स्वदेश

**Options:**
- A. अल-बिरुनी उज्बेकिस्तान
- B. मार्कोपोलो इटली
- C. इब्ने-बतूता मोरक्को
- D. अब्दुर्रज्जाक तुर्की

Answer: अब्दुर्रज्जाक तुर्की

**138.**

Question: गलत युग्म को चुनिए :
प्रशासनिक विभाग मुखिया
(सल्तनतकाल)

**Options:**
- A. विज़ारत : वज़ीरं
- B. दीवान-ए-अर्जु : आरिज़-ए-मुमालिक
- C. दीवान-ए-इंशा : बरिद-ए-मुमालिक
- D. दीवान-ए-रिसालात : सद्र-उस-सुदूर

Answer: दीवान-ए-इंशा : बरिद-ए-मुमालिक

**139.**

Question: निम्नलिखित सल्तनतकालीन शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :
i. मुबारक खिल्जी
ii. खुसरो शाह
iii. मुहम्मद शाह
iv. आलम शाह
सही कूट चुनिये :

**Options:**
- A. iii, i, ii और iv
- B. i, iii, ii और iv
- C. ii, iii, i और iv
- D. i, ii, iii और iv

Answer: i, ii, iii और iv

**140.**

Question: सल्तनतकालीन वास्तु में अरेबस्क का प्रयोग किया गया है

**Options:**
- A. भवनों को मज़बूती प्रदान करने के उद्देश्य से ।
- B. गुम्बज बनाने के लिये ।
- C. मेहराब बनाने के लिये ।
- D. भवनों की सजावट के उद्देश्य से ।

Answer: भवनों की सजावट के उद्देश्य से ।

**141.**

Question: हिंडोला महल स्थित है

**Options:**
- A. जौनपुर में
- B. अदिना में

RajTest

C. मांडू में
D. धार में
Answer: मांडू में

**142.**
Question: सल्तनत काल में निम्नलिखित में से कौन सा शहर कच्ची रेशम एवं मलमल के लिये प्रसिद्ध था ?
**Options:**
A. सोनार गाँव
B. मुलतान
C. अन्हिलवाडा
D. दौलताबाद
Answer: सोनार गाँव

**143.**
Question: अधोलिखित में से कौन सा भक्त कवि मुख्यतः राम भक्ति कविता के लिए प्रसिद्ध है ?
**Options:**
A. विद्यापति
B. सूरदास
C. केशवदास
D. जयदेव
Answer: केशवदास

**144.**
Question: अभंग से आशय है :
**Options:**
A. विठोबा को समर्पित भक्ति काव्य
B. वरकरी सम्प्रदाय के मंदिर
C. वरकरी मंदिरों में किये जाने वाले नृत्यों की शैली
D. वरकरी सम्प्रदाय के धर्म सम्बन्धी संहिता
Answer: विठोबा को समर्पित भक्ति काव्य

**145.**
Question: ज़मोरिन कौन था ?
**Options:**
A. भारत में पुर्तगालियों का धर्माध्यक्ष
B. भारत में अरब व्यापारियों का अध्यक्ष
C. कोचीन का एक मुस्लिम शासक
D. कालीकट का एक हिन्दू शासक
Answer: कालीकट का एक हिन्दू शासक

**146.**
Question: सल्तनत काल में सोनधर था :
**Options:**
A. भू-राजस्व पर लगने वाला एक शुल्क
B. नहर के पानी पर लगाया गया शुल्क
C. गंगा के दोआब में लगाया गया एक विशेष कर
D. कृषि के विकास हेतु कृषकों को दिया जाने वाला ऋण
Answer: कृषि के विकास हेतु कृषकों को दिया जाने वाला ऋण

**147.**
Question: निम्नलिखित में से किस शासक ने 18वीं शताब्दी में डचों को पराजित किया था ?
**Options:**
A. हैदर अली
B. टीपू सुल्तान
C. आसफ जाह
D. मार्तण्ड वर्मा
Answer: मार्तण्ड वर्मा

**148.**
Question: वह शासक जिसने अपने राज्य में विधवा पुनर्विवाह आरम्भ करने का प्रयास किया था :
**Options:**
A. रणजीत सिंह
B. राजा साहू
C. अहिल्याबाई होल्कर
D. सवाई जयसिंह
Answer: अहिल्याबाई होल्कर

**149.**
Question: वह ब्रितानी, जिसने सूरत में फैक्टरी स्थापित करने की अनुमति प्राप्त की थी :
**Options:**
A. जॉन हॉकिन्स
B. टॉमस रो
C. जॉब चारनोक
D. हेनरी बेन्सिटार्ट
Answer: जॉन हॉकिन्स

**150.**
Question: द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध के बाद कौन सी संधि हुई थी ?

RajTest

**Options:**

A. मद्रास की संधि
B. श्रीरंगपट्टम की संधि
C. मैंगलोर की संधि
D. मैसूर की संधि

Answer: मैंगलोर की संधि

RajTest